**IMPORTANT / महत्त्वपूर्ण :**

*Candidates have to do questions 31 to 90 EITHER from Part - II (Mathematics and Science) OR from Part - III (Social Studies / Social Science).*

*परीक्षार्थियों को प्रश्न 31 से 90 या तो भाग - II ( गणित व विज्ञान ) या भाग - III ( सामाजिक अध्ययन / सामाजिक विज्ञान ) से करने हैं।*

## PART - III / भाग - III

## SOCIAL STUDIES / SOCIAL SCIENCE - सामाजिक अध्ययन / सामाजिक विज्ञान

*Direction : Answer the following questions by selecting the **correct/most appropriate** options.*

*निर्देश : निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए **सही/सबसे उपयुक्त** विकल्प चुनिए :*

31. Which of the following statements is/are correct about planets ?

(A) They are lit by the light of the stars.

(B) They are made up of only rocks.

(C) All planets have their moons.

**Options :**

(1) Only (B) and (C)　　(2) All (A), (B) and (C)

(3) Only (A)　　(4) Only (A) and (B)

ग्रहों के बारे में निम्नलिखित में से कौनसा/से कथन सही है/हैं ?

(A) वे तारों के प्रकाश से प्रकाशित होते हैं।

(B) वे केवल चट्टानों से बने होते हैं।

(C) सभी ग्रहों के अपने चाँद होते हैं।

**विकल्प :**

(1) केवल (B) तथा (C)　　(2) (A), (B) तथा (C) सभी

(3) केवल (A)　　(4) केवल (A) तथा (B)

32. Who among the following worked with leather workers in Central India and also started Satnami Movement ?

(1) Haridas Thakur　(2) U.B. Phadke　(3) Jyotirao Phule　(4) Ghasidas

निम्नलिखित में से किसने मध्य भारत में चमड़े का काम करने वालों के साथ काम किया तथा सतनामी आंदोलन की शुरुआत भी की ?

(1) हरीदास ठाकुर　(2) यू.बी. फडके　(3) ज्योतिराव फुले　(4) घासीदास

33. What type of winds are Land and Sea breeze ?

(1) Seasonal winds　　(2) Permanent winds

(3) Cyclone　　(4) Local winds

किस प्रकार की पवनें, स्थल एवं समुद्री समीर होती हैं ?

(1) मौसमी पवनें　　(2) स्थायी पवनें

(3) चक्रवात　　(4) स्थानीय पवनें



Scanned with OKEN Scanner

34. Match the following and choose the appropriate option.

| A | | B | |
|---|---|---|---|
| (a) | Punch marked coins | (i) | Stamped glazed pottery |
| (b) | Northern Black polished ware | (ii) | Tall double handled jars |
| (c) | Amphorae | (iii) | Extremely fine pottery |
| (d) | Arretine ware | (iv) | Stamped with symbols using dyes |

(1) (a) - (iv), (b) - (ii), (c) - (iii), (d) - (i)
(2) (a) - (iv), (b) - (i), (c) - (iii), (d) - (ii)
(3) (a) - (iv), (b) - (i), (c) - (ii), (d) - (iii)
(4) (a) - (iv), (b) - (iii), (c) - (ii), (d) - (i)

निम्नलिखित का सुमेल कीजिए तथा उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए :

| A | | B | |
|---|---|---|---|
| (a) | आहत सिक्के | (i) | मुहर लगे चमकदार बर्तन |
| (b) | उत्तरी काले चमकीले पात्र | (ii) | लंबा दोहरे हत्थे वाला पात्र |
| (c) | एंफोरा | (iii) | मिट्टी के बहुत ही पतले और सुंदर बर्तन |
| (d) | एरेटिन वेयर | (iv) | डाई के प्रयोग से चिन्हों की मुहर लगे हुए |

(1) (a) - (iv), (b) - (ii), (c) - (iii), (d) - (i)
(2) (a) - (iv), (b) - (i), (c) - (iii), (d) - (ii)
(3) (a) - (iv), (b) - (i), (c) - (ii), (d) - (iii)
(4) (a) - (iv), (b) - (iii), (c) - (ii), (d) - (i)

35. According to the Uttaramerur inscription, who could become a member of a Sabha ?

(A) The owners of land from which land revenue is collected.
(B) They should be between 25 and 70 years of age.
(C) They should have their own houses.
(D) They should have knowledge of the Vedas.

**Options :**

(1) Only (A) and (D)
(2) Only (A), (C) and (D)
(3) Only (A)
(4) Only (A) and (B)

उत्तरमेरूर अभिलेख के अनुसार सभा का सदस्य कौन हो सकता था ?

(A) ऐसी भूमि का स्वामी जहाँ से भूराजस्व वसूला जाता था।
(B) उनकी उम्र 25 और 70 के बीच होनी चाहिए।
(C) उनके पास अपना घर होना चाहिए।
(D) उन्हें वेदों का ज्ञान होना चाहिए।

**विकल्प :**

(1) केवल (A) और (D)
(2) केवल (A), (C) और (D)
(3) केवल (A)
(4) केवल (A) और (B)



Scanned with OKEN Scanner

36. The most important factor that influences the distribution of temperature on earth is :

(1) Asphalt of roads

(2) Crowded high rise buildings

(3) Insolation or Incoming Solar Radiation

(4) Seasons

पृथ्वी पर जो तापमान के वितरण को प्रभावित करता है, वह महत्त्वपूर्ण कारक है :

(1) अस्फाल्ट से बनी सड़कें

(2) भीड़ वाले ऊँचे भवन

(3) आतपन अथवा सूर्य से आने वाली विकरण

(4) ऋतुएँ

37. Read the statements **(A)** and **(R)** carefully and choose the correct option.

**(A)** : Using resources carefully and giving them time to get renewed is called resource conservation.

**(R)** : Balancing the need to use resources and also conserve them for the future is called sustainable development.

**Options :**

(1) **(A)** is true but **(R)** is false.

(2) **(A)** is false but **(R)** is true.

(3) Both the statements **(A)** and **(R)** are true and **(R)** explains **(A)**.

(4) Both the statements **(A)** and **(R)** are true but **(R)** does not explain **(A)**.

कथनों **(A)** तथा **(R)** को ध्यान से पढ़ें तथा निम्नलिखित में से सही विकल्प चुनें :

**(A)** : संसाधनों का सतर्कतापूर्वक उपयोग करना और उन्हें नवीकरण के लिए समय देना, संसाधन संरक्षण कहलाता है।

**(R)** : संसाधनों का उपयोग करने की आवश्यकता और भविष्य के लिए उनके संरक्षण में संतुलन बनाए रखना, सतत्पोषणीय विकास कहलाता है।

**विकल्प :**

(1) **(A)** सही है किन्तु **(R)** गलत है।

(2) **(A)** गलत है किन्तु **(R)** सही है।

(3) दोनों कथन **(A)** एवं **(R)** सही हैं तथा **(R)**, **(A)** की व्याख्या करता है।

(4) दोनों कथन **(A)** एवं **(R)** सही हैं किन्तु **(R)**, **(A)** की व्याख्या नहीं करता है।



Scanned with OKEN Scanner

38. Which one of the following is incorrect ?

(1) In 1883, there was a furore over the attempt by the Government to introduce the Ilbert Bill

(2) The dissatisfaction with British rule intensified in 1870s and 1880s.

(3) The Arms Act was passed in 1878, disallowing Indians from possessing arms.

(4) The Vernacular Press Act was passed in 1880, to support the Government.

निम्नलिखित में से कौन सा सही नहीं है ?

(1) 1883 में सरकार ने इल्बर्ट बिल लागू करने का प्रयास किया जिसे लेकर काफी हंगामा हुआ।

(2) 1870 और 1880 के दशकों में ब्रिटिश शासन के प्रति असंतोष और ज्यादा गहरा हुआ।

(3) 1878 में आर्म्स एक्ट पारित किया गया जिसके जरिए भारतीयों द्वारा अपने पास हथियार रखने का अधिकार छीन लिया गया।

(4) सरकार का समर्थन करने के लिए 1880 में वर्नाक्यूलर प्रेस एक्ट पारित किया गया था।

39. Match the following and choose the appropriate option.

| | A | | B |
|---|---|---|---|
| (a) | Grihapatis | (i) | Landless Labourers |
| (b) | Shrenis | (ii) | Independent farmers |
| (c) | Adimai | (iii) | Coastal Settlement |
| (d) | Arikamedu | (iv) | Craft persons |

(1) (a) - (iii), (b) - (iv), (c) - (ii), (d) - (i)

(2) (a) - (ii), (b) - (iv), (c) - (i), (d) - (iii)

(3) (a) - (iv), (b) - (i), (c) - (iii), (d) - (ii)

(4) (a) - (i), (b) - (ii), (c) - (iv), (d) - (iii)

निम्नलिखित का मिलान कीजिए तथा उपयुक्त विकल्प चुनें :

| | A | | B |
|---|---|---|---|
| (a) | गृहपति | (i) | भूमिहीन मजदूर |
| (b) | श्रेणी | (ii) | स्वतंत्र कृषक |
| (c) | अदिमई | (iii) | तटीय निवास |
| (d) | अरिकामेडु | (iv) | शिल्पकार |

(1) (a) - (iii), (b) - (iv), (c) - (ii), (d) - (i)

(2) (a) - (ii), (b) - (iv), (c) - (i), (d) - (iii)

(3) (a) - (iv), (b) - (i), (c) - (iii), (d) - (ii)

(4) (a) - (i), (b) - (ii), (c) - (iv), (d) - (iii)



Scanned with OKEN Scanner

40. Read the statements **(A)** and **(R)** considering the art forms in colonial India.

**Assertion (A) :** Colonial rule introduced several new art forms, styles and techniques.

**Reason (R) :** These were creatively adapted by Indian artists for local patrons and markets.

Choose the **correct** option.

(1) **(A)** is true but **(R)** is false.

(2) Both **(A)** and **(R)** are false.

(3) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**.

(4) Both **(A)** and **(R)** are true but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**.

औपनिवेशिक भारत में विभिन्न कला रूपों के संदर्भ में कथन **(A)** एवं **(R)** को पढ़ें :

**अभिकथन (A) :** औपनिवेशिक शासन में कई तरह के नए कला रूपों, शैलियों और तकनीकों का सूत्रपात हुआ।

**कारण (R) :** इन्हें भारतीय कलाकारों ने अपने स्थानीय ग्राहकों और बाज़ार के हिसाब से अपनाकर नई शक्ल दी।

**सही** विकल्प चुनें।

(1) **(A)** सही है लेकिन **(R)** गलत है।

(2) **(A)** और **(R)** दोनों गलत हैं।

(3) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं और **(A)** की **(R)** सही व्याख्या करता है।

(4) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं लेकिन **(A)** की **(R)** सही व्याख्या नहीं करता है।

41. Neolithic sites are different than Palaeolithic sites because of the following :

(i) Mortars and pestles were used for grinding grains.

(ii) Pots were used for cooking food.

(iii) Cloth was woven using different kinds of material.

(iv) Use of stone tools began.

Choose the **correct** option.

(1) (i) and (iv) only
(2) (i), (ii) and (iv) only
(3) (i) and (ii) only
(4) (i), (ii) and (iii) only

निम्नलिखित में से किन कारणों से नवपाषाण युगीनस्थल पुरापाषाण युगीनस्थलों से भिन्न हैं :

(i) ओखली और मूसल का प्रयोग अनाज को पीसने के लिए किया जाता था।

(ii) बर्तनों का प्रयोग खाना बनाने के लिए किया जाता था।

(iii) विभिन्न प्रकार की चीजों से कपड़े बुने जाते थे।

(iv) पत्थर के औज़ारों का प्रयोग आरंभ हो गया।

**सही** विकल्प का चयन कीजिए।

(1) केवल (i) और (iv)
(2) केवल (i), (ii) और (iv)
(3) केवल (i) और (ii)
(4) केवल (i), (ii) और (iii)



Scanned with OKEN Scanner

42. Read the statements **(A)** and **(R)** and choose the appropriate option.

**(A)** : Raja Rammohan Roy founded a reform association known as the Brahmo Sabha in Calcutta.

**(R)** : He felt that changes were necessary in society and unjust practices needed to be done away with.

**Options :**

(1) **(A)** is true but **(R)** is false.

(2) Both **(A)** and **(R)** are false.

(3) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**.

(4) Both **(A)** and **(R)** are true but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**.

दिए गए कथनों **(A)** और **(R)** को पढें और उपयुक्त विकल्प चुनें :

**(A)** : राजा राममोहन रॉय ने कलकत्ता में ब्रह्मों सभा के नाम से एक सुधारवादी संगठन बनाया था।

**(R)** : वह मानते थे कि समाज में परिवर्तन लाना और अन्यायपूर्ण तौर-तरीकों से छुटकारा पाना जरूरी है।

**विकल्प :**

(1) **(A)** सही है लेकिन **(R)** गलत है।

(2) **(A)** और **(R)** दोनों गलत हैं।

(3) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं और **(A)** की **(R)** सही व्याख्या करता है।

(4) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं लेकिन **(A)** की **(R)** सही व्याख्या नहीं करता है।

**43.** Reservation of seats in legislation and in Government jobs was granted by the Indian Constitution to :

(A) Compensate for low grades and marks scored in School and University examinations, because of which people were not able to compete.

(B) Compensate for years of historical suppression and educational deprivation.

(C) Appease people for political support and rally as vote banks.

**Options :**

(1) Both (A) and (C)  (2) Both (B) and (C)

(3) Only (A)  (4) Only (B)

भारतीय संविधान द्वारा विधायिका में सीटों तथा सरकारी नौकरियों में आरक्षण दिया गया :

(A) निम्न श्रेणी तथा स्कूल एवं महाविद्यालयी परीक्षाओं में कम अंकों की क्षतिपूर्ति हेतु, क्योंकि इस कारण से लोग प्रतिस्पर्धा करने योग्य नहीं थे।

(B) वर्षों के ऐतिहासिक दमन तथा शैक्षणिक वंचिता के क्षतिपूर्ति हेतु।

(C) वोट बैंक के रूप में राजनीतिक समर्थन तथा रैली के लिए लोगों को तुष्ट करने हेतु।

**विकल्प :**

(1) (A) और (C) दोनों  (2) (B) और (C) दोनों

(3) केवल (A)  (4) केवल (B)



Scanned with OKEN Scanner

44. When it is 1:00 p.m. at Greenwich, what time will it be at 60° West and 60° East respectively ?

(1) 5:00 a.m. and 9:00 p.m.

(2) 9:00 p.m. and 5:00 a.m.

(3) 5:00 p.m. and 9:00 a.m.

(4) 9:00 a.m. and 5:00 p.m.

जब ग्रीनविच पर 1:00 अपराह्न का समय होगा तब ग्रीनविच के 60° पश्चिम तथा 60° पूर्व में क्रमशः क्या समय होगा ?

(1) 5:00 पूर्वाह्न तथा 9:00 अपराह्न

(2) 9:00 अपराह्न तथा 5:00 पूर्वाह्न

(3) 5:00 अपराह्न तथा 9:00 पूर्वाह्न

(4) 9:00 पूर्वाह्न तथा 5:00 अपराह्न

45. While teaching in a Social Science class, a student asks you - 'how can we measure the distance between longitudes on Equator ?' What answer will be correct for such calculation ?

(1) Dividing the half length of Equator with 360.

(2) Dividing the double length of Equator with 90.

(3) Dividing the total length of Equator with 180.

(4) Dividing the total length of Equator with 360.

सामाजिक विज्ञान पढ़ाते हुए कक्षा में एक छात्र आपसे पूछता है – 'विषुवत रेखा पर हम सभी देशांतरों के बीच की दूरी का मापन कैसे कर सकते हैं ?' इस मापन हेतु कौनसा उत्तर सही होगा ?

(1) विषुवत रेखा की आधी लम्बाई को 360 से विभाजित करना।

(2) विषुवत रेखा की दुगुनी लम्बाई को 90 से विभाजित करना।

(3) विषुवत रेखा की लम्बाई को 180 से विभाजित करना।

(4) विषुवत रेखा की लम्बाई को 360 से विभाजित करना।

211187200



Scanned with OKEN Scanner

46. Consider the following statements about grasslands and choose the correct option.

(A) Climate plays an important role in the formation of grasslands.

(B) Annual rainfall is moderate in Prairies while velds could face drought in winter months.

(C) The vegetation cover is sparse in Velds.

(D) Velds lie in the Northern Hemisphere while Prairies in the Southern Hemisphere.

**Options :**

(1) Only (A), (C) and (D) are correct.

(2) All (A), (B), (C) and (D) are correct.

(3) Only (A), (B) and (C) are correct.

(4) Only (B), (C) and (D) are correct.

घास के मैदानों के बारे में दिए गए निम्न कथनों पर विचार कीजिए तथा सही विकल्प का चयन कीजिए।

(A) घास के मैदानों के निर्माण में जलवायु एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

(B) प्रेयरीज् में वार्षिक वर्षा मध्यम स्तर की होती है जबकि वेल्ड्स में सर्दियों के महीने में सूखा पड़ सकता है।

(C) वेल्ड्स में वनस्पति आवरण विरल है।

(D) वेल्ड्स उत्तरी गोलार्द्ध में पाया जाता है जबकि प्रेयरीज् दक्षिणी गोलार्द्ध में।

**विकल्प :**

(1) केवल (A), (C) तथा (D) सही हैं।

(2) (A), (B) (C) तथा (D) सभी सही हैं।

(3) केवल (A), (B) तथा (C) सही हैं।

(4) केवल (B), (C) तथा (D) सही हैं।

47. Which of the following is the correct sequence of rock cycle ?

(1) Magma, Metamorphic Rock, Sedimentary Rock

(2) Igneous Rock, Magma, Metamorphic Rock

(3) Sedimentary Rock, Metamorphic Rock, Magma

(4) Igneous Rock, Metamorphic Rock, Sedimentary Rock

निम्नलिखित में से शैल चक्र का सही क्रम क्या है?

(1) मैग्मा, कायांतरित शैल, अवसादी शैल

(2) आग्नेय शैल, मैग्मा, कायांतरित शैल

(3) अवसादी शैल, कायांतरित शैल, मैग्मा

(4) आग्नेय शैल, कायांतरित शैल, अवसादी शैल

2118872002118872002118872OO

Scanned with OKEN Scanner

48. Who among the following are elected members of the Local Governments ?

(A) Ward member
(B) Panchayat President
(C) Secretary
(D) Ward Councillor

Options :

(1) (A), (B) and (C) only
(2) (A), (B) and (D) only
(3) (A) and (B) only
(4) (A) and (D) only

निम्नलिखित में से कौन स्थानीय शासन का चुना हुआ सदस्य होता है ?

(A) वार्ड पंच
(B) सरपंच
(C) सचिव
(D) वार्ड पार्षद

विकल्प :

(1) केवल (A), (B) और (C)
(2) केवल (A), (B) और (D)
(3) केवल (A) और (B)
(4) केवल (A) और (D)

49. Diversity came with something new and different due to ________.

(1) Similarities and identical traits
(2) Homogeneous population
(3) Intermixing of cultures
(4) Genetic composition

विविधता कुछ नया और अलग लेकर आती है -

(1) समानताओं और समान लक्षणों के कारण
(2) सजातीय जनसंख्या के कारण
(3) संस्कृतियों के परस्पर मिश्रण के कारण
(4) आनुवंशिक रचना के कारण

50. Read the given **Assertion (A)** and **Reason (R)** statements and choose the appropriate option.

**Assertion (A) :** By the late $19^{th}$ century, the craft of iron smelting declined and in most villages, furnaces fell into disuse.

**Reason (R) :** The iron smelters had to pay a very high tax to the Forest Department that reduced their income.

Choose the **correct** option.

(1) **(A)** is true but **(R)** is false.
(2) Both **(A)** and **(R)** are false.
(3) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**.
(4) Both **(A)** and **(R)** are true but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**.

दिए गए **अभिकथन (A)** एवं **कारण (R)** को पढ़ें और उपयुक्त विकल्प चुनिए :

**अभिकथन (A) :** उन्नीसवीं शताब्दी के अंत तक लोहे के प्रगलन की कला का पतन हो गया और अधिकांश गाँवों में भट्टियाँ अनुपयोगित हो गईं।

**कारण (R) :** लोहा प्रगालक को जंगल विभाग को एक उच्च कर का भुगतान करना पड़ता था जिसने उनकी आय कम कर दी।

**सही** विकल्प चुनें।

(1) **(A)** सही है लेकिन **(R)** गलत है।
(2) **(A)** और **(R)** दोनों गलत हैं।
(3) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं और **(A)** की **(R)** सही व्याख्या करता है।
(4) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं लेकिन **(A)** की **(R)** सही व्याख्या नहीं करता है।



Scanned with OKEN Scanner

51. Consider the following statements on non-Brahman movement and choose the valid option :

(a) The movement came from non-Brahman castes that had acquired access to education.

(b) The movement argued that the Aryans were the indigenous people.

(c) The movement came from non-Brahman castes with wealth and influence.

Options :

(1) Only (c) is valid.
(2) Only (b) is valid.
(3) Only (a) and (c) are valid.
(4) Only (b) and (c) are valid.

गैर-ब्राह्मण आंदोलन पर निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए और वैध विकल्प चुनिए :

(a) यह आंदोलन गैर-ब्राह्मण जातियों से आया जिन्होंने शिक्षा तक पहुँच प्राप्त कर ली थी।

(b) आंदोलन ने तर्क दिया कि आर्य लोग मूल लोग थे।

(c) आंदोलन उन गैर-ब्राह्मण जातियों से आया जिनके पास धन एवं प्रभुत्व था।

विकल्प :

(1) केवल (c) वैध है।
(2) केवल (b) वैध है।
(3) केवल (a) और (c) वैध हैं।
(4) केवल (b) और (c) वैध हैं।

52. Which of the following statements are true about the development of cotton industries in the late $18^{th}$ and early $19^{th}$ century colonised India ?

(a) Indian textile industry had to compete with British textiles in the European and American markets.

(b) British market was now available for Indian textiles.

(c) Exporting textile goods to England became increasingly difficult.

(d) Bengal weavers were worst hit as English and European companies stopped buying Indian textile.

Options :

(1) (a) and (b) only
(2) (c) and (d) only
(3) (a), (c) and (d) only
(4) (b), (c) and (d) only

अठारहवीं शताब्दी के अंत में और उन्नीसवीं शताब्दी के प्रारंभ में भारतीय उपनिवेश में विकसित सूती कपड़ा उद्योगों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन से कथन सत्य हैं?

(a) भारतीय कपड़ा उद्योग को यूरोपीय और अमेरिकी बाज़ारों में ब्रिटिश कपड़ा उद्योगों से प्रतिस्पर्धा करनी पड़ी।

(b) भारतीय कपड़ों के लिए अब ब्रिटिश बाज़ार उपलब्ध था।

(c) कपड़े की वस्तुओं को इंग्लैंड तक निर्यात करना लगातार कठिन होता गया।

(d) बंगाल के बुनकरों को सबसे अधिक नुकसान हुआ क्योंकि अंग्रेजी और यूरोपीय कंपनियों ने भारतीय कपड़ा खरीदना बंद कर दिया।

विकल्प :

(1) केवल (a) और (b)
(2) केवल (c) और (d)
(3) केवल (a), (c) और (d)
(4) केवल (b), (c) और (d)



Scanned with OKEN Scanner

53. Consider the following statements **(A)** and **(R)** and choose the correct option.

**(A)** : The Prairies are also known as the 'Granaries of the world'.

**(R)** : Scientific methods of cultivation and use of tractors, harvesters and combines has made South Africa a surplus food producer.

**Options :**

(1) **(A)** is true but **(R)** is false

(2) Both **(A)** and **(R)** are false

(3) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**

(4) Both **(A)** and **(R)** are true but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**

निम्नलिखित कथनों **(A)** तथा **(R)** पर विचार कीजिए तथा सही विकल्प का चयन कीजिए :

**(A)** : प्रेयरीज् को 'दुनिया का अन्न भंडार' के रूप में भी जाना जाता है।

**(R)** : खेती के वैज्ञानिक तरीकों और ट्रैक्टर व कंबाईन मशीनों के उपयोग ने दक्षिण अफ्रीका को अधिशेष खाद्य उत्पादक देश बना दिया है।

**विकल्प :**

(1) **(A)** सही है किन्तु **(R)** गलत है।

(2) दोनों **(A)** तथा **(R)** गलत हैं।

(3) दोनों **(A)** तथा **(R)** सही हैं, तथा **(R)**, **(A)** की सही व्याख्या है।

(4) दोनों **(A)** तथा **(R)** सही हैं, किन्तु **(R)**, **(A)** की सही व्याख्या नहीं है।

54. Which of the following is true about common property resources ?

(A) These are owned by government.

(B) These are owned by private companies.

(C) These are owned by communities.

**Options :**

(1) Only (B) and (C)

(2) Only (A) and (C)

(3) Only (A) and (B)

(4) Only (B)

साझी संपत्ति संसाधनों के बारे में निम्न में से क्या सही है ?

(A) इन पर सरकार का स्वामित्व होता है।

(B) इन पर निजी कम्पनियों का स्वामित्व होता है।

(C) इन पर समुदायों का स्वामित्व होता है।

**विकल्प :**

(1) केवल (B) व (C)

(2) केवल (A) व (C)

(3) केवल (A) व (B)

(4) केवल (B)



21118872200

Scanned with OKEN Scanner

55. Which of the following Kingdoms was established by Kadamba Mayurasharman ?

(1) Gujarat
(2) Madhya Pradesh
(3) Karnataka
(4) Rajasthan

निम्नलिखित में से कौन सा राज्य कदंब मयूरशर्मण ने स्थापित किया था ?

(1) गुजरात
(2) मध्य प्रदेश
(3) कर्नाटक
(4) राजस्थान

56. On which of the following dates Gandhiji asked the Indian people to observe a day of non-violent opposition to the 'Rowlatt Act'?

(1) 15 December 1919
(2) 6 December 1919
(3) 6 April 1919
(4) 13 April 1919

निम्नलिखित में से किस तारीख को गाँधीजी ने भारतीय लोगों को 'रॉलट एक्ट' के अहिंसक विरोध का दिन मनाने को कहा था ?

(1) 15 दिसम्बर 1919
(2) 6 दिसम्बर 1919
(3) 6 अप्रैल 1919
(4) 13 अप्रैल 1919

57. _______ refers to a situation where a person does not have resources and opportunities that are available to other persons.

(1) Inequality (2) Dispossession (3) Hierarchy (4) Diversification

_______ एक स्थिति का संदर्भ देती है जहाँ किसी व्यक्ति के पास वे संसाधन और अवसर नहीं होते जो अन्य व्यक्तियों को उपलब्ध हैं।

(1) असमानता (2) बेदखली (3) सोपानिकी (4) विविधीकरण

58. World Environment Day is celebrated every year on which one of the following days ?

(1) 5th July (2) 5th August (3) 5th May (4) 5th June

निम्नलिखित में से किस दिन प्रत्येक वर्ष पर्यावरण दिवस मनाया जाता है ?

(1) 5 जुलाई (2) 5 अगस्त (3) 5 मई (4) 5 जून

59. Maps can be best used for __________.

(1) Studying lives of people living in different times in a logical sequence
(2) Marking places where people have lived at different points in history
(3) Arranging sequence of events in history
(4) Elaborating on the most important events in history

मानचित्र का सही इस्तेमाल निम्न में से किस लिए हो सकता है ?

(1) अलग समय पर रहने वाले लोगों के जीवन को तर्कसंगत तरीके से पढ़ने हेतु
(2) इतिहास में अलग-अलग समय में रहने वाले लोगों के स्थानों को चिन्हित करने हेतु
(3) इतिहास में घटनाओं को क्रमबद्ध करने हेतु
(4) इतिहास में सबसे जरूरी घटना को विस्तृत करने हेतु



Scanned with OKEN Scanner

60. Which of the following are correctly matched ?

| Agricultural Practices | | Description |
|---|---|---|
| (A) Subsistence Farming | - | Practiced to meet the needs of farmer's own family |
| (B) Intensive Subsistence Agriculture | - | Prevalent in the thickly populated areas |
| (C) Shifting Cultivation | - | People and animals move from place to place |

Choose the correct option.

(1) (A) and (C)
(2) All (A), (B) and (C)
(3) (A) and (B)
(4) (B) and (C)

निम्न में से कौन-से युग्म सही सुमेलित हैं ?

| कृषि पद्धति | | वर्णन |
|---|---|---|
| (A) निर्वाह कृषि | - | कृषक परिवार की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए की जाती है। |
| (B) गहन निर्वाह कृषि | - | सघन जनसंख्या वाले क्षेत्रों में प्रचलित होती है। |
| (C) स्थानांतरी कृषि | - | व्यक्ति और पशु एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाते हैं। |

सही विकल्प का चुनाव कीजिए।

(1) (A) तथा (C)
(2) (A), (B) और (C) सभी
(3) (A) तथा (B)
(4) (B) तथा (C)

61. Match the following and choose the correct option.

| A | B |
|---|---|
| (A) Narration charts | (i) steps in a process |
| (B) Relationship charts | (ii) data in the form of table |
| (C) Flow charts | (iii) historical development |
| (D) Tabulation charts | (iv) show cause-and-effect relationships |

(1) (A)-(iv), (B)-(iii), (C)-(ii), (D)-(i)
(2) (A)-(ii), (B)-(iii), (C)-(iv), (D)-(i)
(3) (A)-(iii), (B)-(iv), (C)-(i), (D)-(ii)
(4) (A)-(iv), (B)-(ii), (C)-(i), (D)-(iii)

निम्न का मिलान करे और सही विकल्प का चुनाव करें -

| A | B |
|---|---|
| (A) विवरण चार्ट | (i) एक प्रक्रिया के चरण |
| (B) संबंध चार्ट | (ii) तालिका के रूप में डेटा |
| (C) फ्लो चार्ट | (iii) ऐतिहासिक विकास |
| (D) सारणीकरण चार्ट | (iv) कार्य-कारण संबंधों को दर्शाता है |

(1) (A)-(iv), (B)-(iii), (C)-(ii), (D)-(i)
(2) (A)-(ii), (B)-(iii), (C)-(iv), (D)-(i)
(3) (A)-(iii), (B)-(iv), (C)-(i), (D)-(ii)
(4) (A)-(iv), (B)-(ii), (C)-(i), (D)-(iii)

21187200



Scanned with OKEN Scanner

62. Nelson Mandela spent 28 years of imprisonment along with thousands of black and coloured people.

(1) to get powerful positions in Government.

(2) to raise voice against King and royal monarchy.

(3) for opposing apartheid and struggle against policies of segregation.

(4) to get punishment for offence.

नेल्सन मंडेला ने कैद के 28 वर्ष हजारों अश्वेत लोगों के साथ बिताए –

(1) सरकारी सत्ताधारी पदों की प्राप्ति के लिए।

(2) राजा और राजशाही के खिलाफ आवाज़ उठाने के लिए।

(3) रंग भेद का विरोध करने और अलगाव की नीतियों के खिलाफ संघर्ष करने के लिए।

(4) अपराध के लिए सजा पाने के लिए।

**63.** Read the statements **(A)** and **(B)** and choose the appropriate option.

**Statement (A) :** Contemporary challenges to the principle of a democratic society are conflicts such as those between individual rights and social responsibilities.

**Statement (B) :** Within a social science classroom, conflict resolution approach could be used to engage students to study 'Problems of democracy'.

(1) **(A)** is true but **(B)** is false.

(2) **(A)** is false but **(B)** is true.

(3) Both **(A)** and **(B)** are true.

(4) Both **(A)** and **(B)** are false.

कथन **(A)** और **(B)** को पढ़िए तथा उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।

**कथन (A) :** लोकतांत्रिक समाज के सिद्धांतों की समकालीन चुनौतियाँ हैं जैसे कि व्यक्तिगत अधिकार और सामाजिक उत्तरदायित्वों के बीच विवाद।

**कथन (B) :** सामाजिक विज्ञान कक्षा के भीतर, लोकतंत्र की समस्याओं के अध्ययन में विद्यार्थियों को संलग्न रखने के लिए विवाद समाधान उपागम का प्रयोग किया जा सकता है।

(1) **(A)** सही है लेकिन **(B)** गलत है।

(2) **(A)** गलत है लेकिन **(B)** सही है।

(3) **(A)** और **(B)** दोनों सही हैं।

(4) **(A)** और **(B)** दोनों गलत हैं।



Scanned with OKEN Scanner

64. Which of the following questions assess the evaluation aspect of cognitive abilities ?

(A) Poshan Abhiyan is an important programme to improve the nutrition level of Indian children. Examine the statement with evidences.

(B) Colonial rule in India for two centuries left India with irreversible social change in India. Do you agree with this statement ? Explain.

(C) Describe the important features of Jan Dhan Yojana.

(D) Poverty and unemployment in India has declined in the post 1991 India. Justify this statement.

**Options :**

(1) Only (B), (C) and (D) (2) Only (C) and (D)

(3) Only (A) and (B) (4) Only (A), (B) and (C)

निम्नलिखित में से कौन से प्रश्न संज्ञानात्मक क्षमताओं के मूल्यांकन पक्ष को आँकते हैं ?

(A) पोषण अभियान भारतीय बच्चों के पोषण स्तर को सुधारने हेतु एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। साक्ष्यों सहित कथन की जाँच कीजिए।

(B) दो शताब्दियों के भारत में औपनिवेशिक शासन ने भारत को अनिवर्त्य सामाजिक परिवर्तन की स्थिति में छोड़ दिया है। क्या आप इस कथन से सहमत हैं ? व्याख्या कीजिए।

(C) जन धन योजना की महत्त्वपूर्ण विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

(D) 1991 के उत्तरार्द्ध में भारत में गरीबी और बेरोज़गारी में गिरावट आई है। कथन का औचित्य सिद्ध कीजिए।

**विकल्प :**

(1) केवल (B), (C) और (D) (2) केवल (C) और (D)

(3) केवल (A) और (B) (4) केवल (A), (B) और (C)

65. A belief that science requires a technical mind and girls and women are not capable of dealing with technical things signifies :

(1) Illiteracy (2) Ignorance (3) Stereotype (4) Casteism

एक धारणा कि विज्ञान के लिए एक तकनीकी दिमाग की आवश्यकता होती है और लड़कियाँ तथा महिलाएँ तकनीकी चीज़ों से निपटने में सक्षम नहीं है, यह दर्शाती है :

(1) निरक्षरता (2) अज्ञानता (3) रूढ़िबद्ध धारणा (4) जातिवाद



Scanned with OKEN Scanner

66. Social Science curricular activities can be made more engaging for students by ________.

(1) emphasizing memorization of facts and figures.

(2) reducing critical thinking and discussion in favour of lectures.

(3) incorporating technology and multimedia resources.

(4) focusing only on the most important historical events and figures.

छात्रों के लिए सामाजिक विज्ञान पाठ्यक्रम के गतिविधियों को और अधिक आकर्षक बनाया जा सकता है :

(1) तथ्यों और आँकड़ों को याद करने पर जोर देने से।

(2) व्याख्यान के पक्ष में आलोचनात्मक सोच और चर्चा को कम करने से।

(3) प्रौद्योगिकी और मल्टीमीडिया संसाधनों को शामिल करने से।

(4) केवल सबसे महत्वपूर्ण ऐतिहासिक घटनाओं और आँकड़ों पर ध्यान केंद्रित करने से।

67. Indian Constitution lays down ________.

(1) the structure of religious institutions

(2) norms for participation of people into social movements that seek to challenge the Government

(3) the national curriculum framework

(4) the basic laws or rules that have to be followed by everyone

भारतीय संविधान निर्धारित करता है -

(1) धार्मिक संस्थानों की संरचना।

(2) सामाजिक आंदोलनों में उन लोगों जो सरकार को चुनौती देना चाहते हैं, की भागीदारी के लिए नियम।

(3) राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा

(4) बुनियादी कानून या नियम जिनका पालन सभी को करना होता है।



2118720 2118720 2118720

Scanned with OKEN Scanner

68. Which one of the following teaching methods are suitable to overcome the teaching challenges faced in Social Sciences ?

(A) From Specific to General
(B) From Complex to General
(C) From Known to Unknown
(D) From Analysis to Synthesis

Choose the correct option.

(1) (A), (C) and (D)
(2) (A), (B) and (D)
(3) (A), (B) and (C)
(4) (B), (C) and (D)

निम्नलिखित में से कौन सी शिक्षण विधियाँ सामाजिक विज्ञान में आ रही चुनौतियों से पार पाने (निपटने) हेतु उपयुक्त हैं?

(A) विशिष्ट से सामान्य तक
(B) जटिल से सामान्य तक
(C) ज्ञात से अज्ञात तक
(D) विश्लेषण से संश्लेषण तक

सही विकल्प का चयन कीजिए।

(1) (A), (C) और (D)
(2) (A), (B) और (D)
(3) (A), (B) और (C)
(4) (B), (C) और (D)

69. The objective of establishing Panchayati Raj institutions in India was to achieve ________.

(A) Participatory governance
(B) Cultural homogeneity
(C) Democratic decentralization
(D) Religious diversity

Choose the correct option.

(1) (C) and (D) (2) (A) and (C) (3) (A) and (B) (4) (B) and (C)

भारत में पंचायती राज संस्थानों की स्थापना करने का उद्देश्य ________ उपार्जित करना था।

(A) सहभागिता द्वारा शासन
(B) सांस्कृतिक एकरूपता (समांगता)
(C) लोकतांत्रिक विकेंद्रीकरण
(D) धार्मिक विविधता

सही विकल्प का चयन कीजिए।

(1) (C) और (D) (2) (A) और (C) (3) (A) और (B) (4) (B) और (C)

70. Small workshops and factories prefer to employ casual workers because ________.

(A) state has already taken care of workers' benefits
(B) they can be fired without any prior notice
(C) most of them are not literate
(D) they could be paid lowest possible wages

**Options :**

(1) (C) and (D) (2) (A) and (C) (3) (A) and (B) (4) (B) and (D)

छोटी कार्यशालाएँ और कारखाने अनियमित श्रमिकों को रोजगार देने में तरजीह देते हैं क्योंकि ________।

(A) राज्य ने पहले ही श्रमिकों के लाभ का ख्याल रखा हुआ है
(B) उन्हें बिना किसी पूर्व नोटिस के नौकरी से निकाला जा सकता है
(C) उनमें से अधिकांश शिक्षित नहीं होते हैं
(D) उन्हें न्यूनतम संभावित वेतन दिया जा सकता है

**विकल्प :**

(1) (C) और (D) (2) (A) और (C) (3) (A) और (B) (4) (B) और (D)



Scanned with OKEN Scanner

71. In a field trip which is the first skill to be developed among students ?

(1) Experimentation skill (2) Reasoning skill

(3) Analytical skill (4) Observation skill

एक क्षेत्रीय-भ्रमण के लिए विद्यार्थियों में किस कौशल को पहले विकसित करना चाहिये ?

(1) प्रयोग कौशल (2) तर्क कौशल

(3) विश्लेषण कौशल (4) अवलोकन कौशल

72. Which of the following emerged as an important religion in modern Adivasi history, during the nineteenth century ?

(1) Hinduism (2) Islam (3) Buddhism (4) Christianity

उन्नीसवीं शताब्दी के दौरान आधुनिक आदिवासी इतिहास में कौन सा धर्म एक बहुत ही महत्वपूर्ण धर्म के रूप में उभरा ?

(1) हिन्दुत्व (2) इस्लाम (3) बौद्ध धर्म (4) ईसाई धर्म

73. Select the reason behind the low wages paid for agricultural labourers.

(1) Most of them do not have their own land.

(2) They are satisfied with wages prevailing in the market.

(3) They are not skilled.

(4) They depend on land owners for a regular work.

खेतिहर मजदूरों को दी जाने वाली कम मजदूरी के कारण का चुनाव करें।

(1) उनमें से अधिकांश लोगों के पास अपनी जमीन नहीं होती है।

(2) वे बाजार में मिल रही मजदूरी से संतुष्ट हैं।

(3) वे कुशल नहीं होते हैं।

(4) वे एक नियमित काम के लिए भूमि मालिकों पर निर्भर होते हैं।

74. Which would be the best teaching pedagogy to understand the trends in poverty in Indian States and Union Territories ?

(1) Secondary data analysis (2) Brainstorming

(3) Field trip (4) Debate

भारतीय राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में निर्धनता की प्रवृत्तियां एवं उनके तुलनात्मक अध्ययन को समझाने हेतू सर्वोत्तम शिक्षण अधिगम प्रणाली कौन सी होगी ?

(1) द्वितीयक आंकड़ों का विश्लेषण (2) विचारावेश प्रक्रिया (ब्रेनस्ट्रॉमिंग)

(3) क्षेत्र भ्रमण (4) वाद-विवाद



Scanned with OKEN Scanner

75. Consider the following statements **(A)** and **(B)**.

**(A)** The Government of India Act 1909, allowed for some elected representation system in India.

**(B)** Through Government of India Act 1909 all adults were given the right to vote.

Choose the **correct** option.

(1) Both **(A)** and **(B)** are true

(2) Neither **(A)** nor **(B)** is true

(3) Only **(A)** is true

(4) Only **(B)** is true

निम्न कथनों **(A)** तथा **(B)** को पढ़िए।

**(A)** 1909 में बने गवर्नमेंट ऑफ इंडिया एक्ट ने कुछ हद तक भारत में निर्वाचित प्रतिनिधित्व की व्यवस्था को मंजूरी दी थी।

**(B)** 1909 के गवर्नमेंट ऑफ इंडिया एक्ट द्वारा सभी वयस्कों को वोट डालने का अधिकार दिया गया।

**सही** विकल्प का चयन कीजिए।

(1) **(A)** तथा **(B)** दोनों सही हैं।

(2) न तो **(A)** सही है और न ही **(B)** सही है।

(3) केवल **(A)** सही है।

(4) केवल **(B)** सही है।

**76.** The Independence of Judiciary implies :

(1) the judiciary can direct the executive to implement the laws properly.

(2) the judiciary can work under the pressure of legislature, if required.

(3) the legislature and the executive cannot interfere in the work of the judiciary.

(4) the judiciary can direct the legislature to frame appropriate laws.

न्यायपालिका की स्वतंत्रता दर्शाती है :

(1) न्यायपालिका, कार्यपालिका को सही रूप से कानूनों को कार्यान्वित करने का निर्देश दे सकती है।

(2) अगर आवश्यकता हो तो न्यायपालिका, विधायिका के दबाव में काम कर सकती है।

(3) विधायिका और कार्यपालिका, न्यायपालिका के काम में हस्तक्षेप नहीं कर सकती हैं।

(4) न्यायपालिका, विधायिका को उपयुक्त कानून का ढाँचा तैयार करने का निर्देश दे सकती है।



Scanned with OKEN Scanner

77. Which of the following questions asked by the teacher come under the category of exploratory and critical questions ?

(A) What is the southernmost part of the Himalayas called ?

(B) Is the Sun a star ? Why ?

(C) Why does more population reside in the Northern plains ?

(D) Between which two countries is the Pak Water Treaty located ?

Options :

(1) (A), (B), (C) and (D)
(2) (C) only
(3) (B) and (C)
(4) (B) only

कक्षा में शिक्षक द्वारा पूछे गए निम्न में से कौन से प्रश्न अन्वेषणात्मक और आलोचनात्मक प्रश्न की श्रेणी में आते हैं ?

(A) हिमालय के सबसे दक्षिणी भाग को क्या कहा जाता है ?

(B) क्या सूर्य एक तारा है ? क्यों ?

(C) उत्तरी मैदान में अधिक जनसंख्या निवास क्यों करती है ?

(D) पाक जल संधि किन दो देशों के बीच स्थित है ?

विकल्प :

(1) (A), (B), (C) और (D)
(2) केवल (C)
(3) (B) और (C)
(4) केवल (B)

78. Which of the following questions promote critical thinking ?

(A) What are the different ways through which the Government can take steps to provide healthcare for all ? Discuss.

(B) Examine the statement : As compared to Amazon, pollution in river Ganga will affect human life greatly.

(C) Differentiate between the physiography of Brazil and India.

(D) Describe important features of Himalayas.

(E) What was the role of the Zamindar in Mughal administration ?

Options :

(1) Only (A), (B), (C) and (D)
(2) Only (B), (C), (D) and (E)
(3) Only (A) and (B)
(4) Only (B) and (C)

निम्नलिखित में से कौन से प्रश्न आलोचनात्मक चिंतन को बढ़ावा देते हैं ?

(A) वे विभिन्न तरीके क्या हैं जिनके द्वारा सरकार सभी को स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करने हेतु कदम उठा सकती है ? चर्चा कीजिए।

(B) अमेजन की तुलना में गंगा नदी में प्रदूषण मानव जीवन को व्यापक रूप से प्रभावित करेगा। कथन की जाँच कीजिए :

(C) ब्राज़ील एवं भारत की भू-आकृति के बीच भेद कीजिए।

(D) हिमालय की महत्वपूर्ण विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

(E) मुगल प्रशासन में जमींदार की भूमिका क्या थी ?

विकल्प :

(1) केवल (A), (B), (C) और (D)
(2) केवल (B), (C), (D) और (E)
(3) केवल (A) और (B)
(4) केवल (B) और (C)



Scanned with OKEN Scanner

79. Rohit found that some children in his class could not explain the position of latitude and longitude lines on the map. What should Rohit do to help children acquire this competency ?

(1) Action research
(2) Applied research
(3) Case study
(4) Empirical research

रोहित ने पाया कि उसकी कक्षा के कुछ बच्चे मानचित्र पर अक्षांश व देशान्तर रेखाओं की स्थिति को स्पष्ट नहीं कर पाते हैं। बच्चों को इसमें सक्षम बनाने में मदद करने के लिए रोहित को क्या करना चाहिए ?

(1) क्रियात्मक अनुसंधान
(2) प्रायोगिक अनुसंधान
(3) केस अध्ययन
(4) आनुभाविक अनुसंधान

80. Consider the statements **(A)** and **(B)** and choose the correct option of the following.

**Statement (A) :** Summative assessment monitors the learner's progress throughout the teaching-learning process.

**Statement (B) :** Formative assessment is conducted at the end of the course.

(1) **(A)** is true but **(B)** is false.
(2) **(A)** is false but **(B)** is true.
(3) Both **(A)** and **(B)** are true.
(4) Both **(A)** and **(B)** are false.

कथन **(A)** और **(B)** पर विचार कीजिए तथा निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए।

**कथन (A) :** योगात्मक आँकलन, शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया के शुरू से अंत तक विद्यार्थी की प्रगति का निरीक्षण करता है।

**कथन (B) :** रचनात्मक आँकलन पाठ्यक्रम के अंत में होता है।

(1) **(A)** सही है परन्तु **(B)** गलत है।
(2) **(A)** गलत है परन्तु **(B)** सही है।
(3) **(A)** और **(B)** दोनों सही हैं।
(4) **(A)** और **(B)** दोनों गलत हैं।


Scanned with OKEN Scanner

81. What does it mean to use the dialectic approach to teaching in the Social Science classroom ?

(1) Using examples and analogies to clarify abstract concepts

(2) Using maps and atlases to enrich students' understanding of Geography

(3) Using dialogue between student and teacher as the main method of knowledge generation

(4) Using drama in the classroom to generate interest in students

सामाजिक विज्ञान कक्षा में शिक्षण में द्वंद्वात्मक उपागम के प्रयोग से क्या तात्पर्य है ?

(1) अमूर्त अवधारणाओं को स्पष्ट करने हेतु उदाहरणों एवं सादृश्यों का प्रयोग करना

(2) विद्यार्थियों की भूगोल की समझ को समृध्द बनाने हेतु मानचित्रों एवं एटलसों का प्रयोग करना

(3) ज्ञान के विकास की मुख्य विधि के रूप में विद्यार्थी और शिक्षक के बीच वार्ता का प्रयोग करना

(4) विद्यार्थियों में रुचि उत्पन्न करने हेतु कक्षा में ड्रामे का प्रयोग करना

82. Critical thinking is important in Social Science because :

(A) It helps students to pass exam.

(B) It allows students to guess the correct answer

(C) It helps students memorize information more easily

(D) It prepare students for higher-level-thinking

(E) It promotes problem-solving abilities

Choose the **correct** option :

(1) Only (A), (B), (C) and (E)  (2) Only (D) and (E)

(3) Only (A) and (B)  (4) (A), (B) and (C)

सामाजिक विज्ञान में समालोचनात्मक सोच महत्त्वपूर्ण है क्योंकि :

(A) यह छात्रों को परीक्षा पास करने में मदद करती है।

(B) यह छात्रों को सही उत्तर का अनुमान लगाने की अनुमति देती है।

(C) यह छात्रों को अधिक आसानी से जानकारी याद रखने में मदद करती है।

(D) यह छात्रों को उच्च स्तरीय सोच के लिए तैयार करती है।

(E) यह समस्या-समाधान करने की क्षमता को प्रोत्साहित करती है।

सही विकल्प का चयन करें :

(1) केवल (A), (B), (C) और (E)  (2) केवल (D) और (E)

(3) केवल (A) और (B)  (4) (A), (B) और (C)



Scanned with OKEN Scanner

83. Sixty-Percent weightage is given by the teacher to open-ended questions in a Social Science question paper. Which skill does the teacher want to test among students through this strategy ?

(A) Writing skills only

(B) Intrapersonal skills

(C) Logical thinking and creative skills

(D) Application and presentation skills

**Options :**

(1) (A), (B) and (C) only (2) (B), (C) and (D) only

(3) (A) and (B) only (4) (C) and (D) only

शिक्षक द्वारा सामाजिक विज्ञान के प्रश्न पत्र में 60% भार खुली राय वाले प्रश्नों को दिया जाता है। इस नीति के माध्यम से शिक्षक छात्रों के किस कौशल को जाँचना चाहता है ?

(A) केवल लेखन कौशल

(B) अंतर्वैयक्तिक कौशल

(C) तार्किक चिंतन एवं सृजनात्मक कौशल

(D) अनुप्रयोगात्मक एवं प्रस्तुती कौशल

**विकल्प :**

(1) केवल (A), (B) और (C) (2) केवल (B), (C) और (D)

(3) केवल (A) और (B) (4) केवल (C) और (D)

84. Which one of the following statements is correct regarding the nature of Social Science ?

(A) Social Science is a dynamic subject that generates debate and discussion.

(B) In Social Science only individual human relations are considered and not the accounts of individual actions.

(C) Social Science is primarily interdisciplinary subject with a focus on discovery and experimentation.

(D) The scope of Social Science is very narrow and hence it is fit to teach it only at the primary level.

**Options :**

(1) (A), (B) and (C) only (2) (A) and (B) only

(3) (A) and (C) only (4) (C) and (D) only

सामाजिक विज्ञान विषय की प्रकृति के संबंध में निम्न में से कौन सा कथन सही है ?

(A) सामाजिक विज्ञान एक गत्यात्मक विषय है जो वाद-विवाद और परिचर्चा को उत्पन्न करता है।

(B) सामाजिक विज्ञान में केवल व्यक्तिगत मानवीय संबंधों पर विचार किया जाता है न कि व्यक्तिगत कार्यों के लेखे जोखे पर विचार किया जाता है।

(C) सामाजिक विज्ञान मुख्य रूप से अन्तर्विषयी है जिसका केंद्र बिन्दु खोज और प्रयोग है।

(D) सामाजिक विज्ञान का क्षेत्र बहुत ही संकुचित है इसलिए यह केवल प्राथमिक स्तर पर पढ़ाने के योग्य है।

**विकल्प :**

(1) केवल (A), (B) और (C) (2) केवल (A) और (B)

(3) केवल (A) और (C) (4) केवल (C) और (D)



Scanned with OKEN Scanner

85. Which of the following topics are highly appropriate for middle level students ?

(A) Contribution of Mahatma Gandhi in history.

(B) Economic development of India.

(C) Status of Women in present scenario.

(D) Reasons for population growth.

**Options :**

(1) (B), (C) and (D) only

(2) (A), (C) and (D) only

(3) (A) and (C) only

(4) (A) and (D) only

निम्नलिखित में से कौन से विषय मिडिल स्कूल विद्यार्थियों के लिए अति उपयुक्त हैं ?

(A) इतिहास में महात्मा गांधी का योगदान

(B) भारत का आर्थिक विकास

(C) वर्तमान परिदृश्य में महिलाओं की स्थिति

(D) जनसंख्या वृद्धि के कारण

**विकल्प :**

(1) केवल (B), (C) और (D)

(2) केवल (A), (C) और (D)

(3) केवल (A) और (C)

(4) केवल (A) और (D)

86. Which of the following is an incorrect statement about Gram Sabha ?

(1) The Gram Sabha Secretary is responsible for calling the meeting of Gram Sabha and Gram Panchayat.

(2) The Gram Sabha Secretary keeps a record of the Gram Sabha meeting proceedings.

(3) The work of the Gram Panchayat has to be approved by the Gram Sabha.

(4) The Gram Sabha Secretary is an elected person.

ग्राम सभा के बारे में निम्न में से कौन-सा कथन गलत है ?

(1) ग्राम सभा के सचिव का काम ग्राम सभा और ग्राम पंचायत की बैठक बुलाने का है।

(2) ग्राम सभा के सचिव का कार्य ग्राम सभा की बैठक और उसमें हुई चर्चा व निर्णयों का रिकार्ड रखना होता है।

(3) ग्राम पंचायत के कार्य को ग्राम सभा से स्वीकृति लेनी पड़ती है।

(4) ग्राम सभा का सचिव एक निर्वाचित व्यक्ति होता है।



Scanned with OKEN Scanner

87. A teacher wants students to understand the functioning of governmental bodies like Village Panchayat. Which of the following source of data collection will provide first-hand and authentic information ?

(1) Biography
(2) Textbook
(3) Newspaper articles
(4) Field trip

एक शिक्षिका चाहती है कि छात्र ग्राम पंचायत जैसे सरकारी निकायों के कामकाज को समझें। निम्नलिखित में से कौन-सा आँकडें-संग्रहण का स्रोत प्रत्यक्ष और प्रामाणिक जानकारी प्रदान करेगा ?

(1) जीवनी
(2) पाठ्यपुस्तक
(3) अखबारी लेख
(4) अध्ययन यात्रा

88. The teacher divides the children of her class into 4 groups and gives them to write the names of the sources of water and then discusses the sources of water with each group. Which of the following he/she is attempting first as part of 5E approach to lesson plan ?

(1) Explain (2) Engage (3) Explore (4) Evaluate

शिक्षिका अपनी कक्षा के बच्चों को 4 समूह में विभाजित करके जल के स्रोतों के नाम लिखने को देती है और उसके बाद प्रत्येक समूह से जल के स्रोतों पर चर्चा कराती है। पाठयोजना के 5 ई उपागम के तहत वह निम्न में से कौन सा सबसे पहले प्रयास करेगी ?

(1) विस्तार करना (2) संलग्न करना (3) अन्वेषण करना (4) मूल्यांकन करना

89. How can a Social Studies teacher develop social values among students ?

(i) Developing sense of discipline
(ii) Behaving in the appropriate manner in school/class
(iii) Asking Students to watch commercial movies
(iv) Follow appropriate democratic values in class/school setting

Choose the **correct** option.

(1) Only (i), (ii) and (iv)
(2) Only (iii) and (iv)
(3) Only (i) and (iii)
(4) Only (i), (ii) and (iii)

एक सामाजिक विज्ञान शिक्षक विद्यार्थियों में किस प्रकार सामाजिक मूल्यों को विकसित कर सकता है ?

(i) अनुशासन के भाव का विकास करके
(ii) स्कूल/कक्षा में उपयुक्त रूप से व्यवहार करके
(iii) विद्यार्थियों को व्यावसायिक फिल्म देखने के लिए कहना
(iv) कक्षा/स्कूल परिवेश में उपयुक्त लोकतांत्रिक मूल्यों का पालन करके

सही विकल्प का चुनाव करें।

(1) केवल (i), (ii) और (iv)
(2) केवल (iii) और (iv)
(3) केवल (i) और (iii)
(4) केवल (i), (ii) और (iii)



Scanned with OKEN Scanner

90. Which of the following aspect is considered in the Right to Education Act, 2009 as part of evaluation procedures ?

(A) Confirm with the values enshrined in the Indian Constitution

(B) Examination should involve mainly summative assessment

(C) Development of the physical abilities of learners to the fullest extent

(D) Examinations are conducted within the school premises

**Options :**

(1) (A) and (B) only

(2) (A) and (C) only

(3) (A), (B) and (C) only

(4) (A), (C) and (D) only

निम्नलिखित में से किस पक्ष पर शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 में मूल्यांकन कार्य विधियों के भाग के रूप में विचार किया गया है ?

(A) भारतीय संविधान में प्रतिष्ठापित मूल्यों का अनुमोदन करना

(B) परीक्षा में मुख्यतः योगात्मक आँकलन को सम्मिलित किया जाना चाहिए

(C) विद्यार्थियों की शारीरिक क्षमताओं का पूर्ण सीमा तक विकास

(D) परीक्षाएँ स्कूल परिसर में ही होती हैं

**विकल्प :**

(1) केवल (A) और (B)

(2) केवल (A) और (C)

(3) केवल (A), (B) और (C)

(4) केवल (A), (C) और (D)

21187200 21187200 21187200



Scanned with OKEN Scanner